BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 10 अप्रैल 2025 **थाना ककोड़**

सत्यवीर की हत्या का सफल अनावरण हत्या करने वाले दोनो पुत्र गिरफ्तार, कब्जे/निशादेहीं पर आलाकत्ल दुपट्टा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 02.04.2025 को सत्यवीर पुत्र हरप्रसाद निवासी ग्राम धनौरा थाना ककोड जनपद बुलन्दशहर का शव गांव में मन्दिर के पास बम्बे के किनारे खाली प्लाट मे मिला था । इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र इन्द्रजीत द्वारा थाना ककोड पर मुअसं- 111/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए स्वाट टीम व थाना ककोड पुलिस द्वारा आज दिनांक 10-04-2025 को घटना में संलिप्त मृतक के दोनो पुत्रों इन्द्रजीत उर्फ बिट्टू व जैकी को गिरफ्तार किया तथा अभियुक्तों के कब्जें/निशांदेही से आलाकत्ल दुपट्टा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. इन्द्रजीत उर्फ बिट्टू पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम धनौरा थाना ककोड जनपद बुलन्दशहर।
2. जैकी पुत्र सत्यवीर निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1. 01 दुपट्टा (आलाकत्ल)
2. 01 मोटरसाइकिल टीवीएस नं0-यूपी16 डीएस 1635 (घटना में प्रयुक्त)
3. 01 मोबाइल फोन

हत्या का कारण- मृतक शराब पीने, जुआ व सट्टा खेलने का आदि था। मृतक के नाम 38 बीघा जमीन थी मृतक के दोनो पुत्रों को यह लगता था उनका पिता सत्यवीर अपनी जमीन बेच देगा। इसी कारण मृतक के दोनों पुत्रो ने अपने पिता सत्यवीर को मारने की योजना बनाई। दिनांक 01.04.2025 को रात्रि में जब सत्यवीर शराब पीकर घर आया तो योजनानुसार मृतक के बडे पुत्र इन्द्रजीत ने खाने मे नींद की गोली मिली दी तथा जब सत्यवीर सो गया तो मृतक के दोनो पुत्र इन्द्रजीत व जैकी ने दुपट्टे से उसका गला दबा कर हत्या कर दी तथा दोनो के द्वारा शव को मोटरसाइकिल पर ले जाकर गांव में मन्दिर के पास बम्बे के किनारे खाली प्लाट मे डाल दिया।

स्वाट टीम-

1. श्री राहुल चौधरी प्रभारी स्वाट टीम
2. है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार

थाना ककोड पुलिस टीम-

1. श्री उपेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़
2. उ0नि0 श्री अभ्येन्द्र कुमार गंगवार
3. है0का0 चन्द्रवीर कुन्तल, का0 दिनेश कुमार



मीडिया सेल बुलंदशहर